## संक्षिप्त

### राजेश्वर तालाब के गेट खोले

**कपासन, (निसं)।** अरनिया बांध में पानी की आपूर्ति के लिए राजेश्वर तालाब के गेट खोले गए हैं। इस दौरान विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सिंदेसर फीडर से कपासन के 11.5 फीट भराव क्षमता वाले राजेश्वर तालाब में 8.20 फीट पानी भर गया पानी आया था। गेट पर 5 इंच पानी मौजूद था। छह दिन पहले 14 नवंबर 2025 सहायक अभियंता डब्लू आरडी कनिष्ठ अभियंता पीएचडी कपासन, कनिष्ठ अभियंता जलसंसाधन उपखंड क्षेत्र कपासन सहित आदि के मोजूदगी में तालाब की जल वितरण कमेटी की बैठक हुई थी। उस बैठक में तालाब की नहरों के क्षितठास्त होने के कारण इस बार नहरों में पानी नहीं छोड़ने का सर्व सम्मति निर्णय लिया गया था।लेकिन क्षेत्र के किसानों ने विधायक जीनगर से अरनिया बांध में भी पानी छोड़ने की मांग की थी। किसानों की इस मांग पर विधायक जीनगर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ तालाब के गेट पर पहुंचकर पानी की निकासी शुरू करवाई।

### आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय निगमों के तहत विभिन्न प्रकार के ऋणों के लिये अब 30 नवम्बर तक आवेदन किए जा सकेंगें। इससे राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी, राष्ट्रीय पिछडा वर्ग एवं राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत् आवेदन किए जा सकेंगे। अनुजा निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक ने बताया कि आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना आवष्यक है। अनुसूचित जाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक के लिये वार्षिक आय तीन लाख से अधिक नही होनी चाहिये। सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजन के लिये आय सीमा की बाध्यता नही है। योजनान्तर्गत लघु व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण, महिला समृद्धि योजना, डेंयरी, ई रिक्षा इत्यादि के लिये आवेदन किये जा सकेगें। प्रार्थी स्वयं अपनी एसएसओ आइडी द्वारा या ई मित्र पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं किसी ऋणदात्री संस्था का ऋणी नहीं होने की स्वघोषणा स्केन करके साथ में अपलोड करनी होगी।

### तीन वाहनों के काटे चालान

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे बाल वाहिनी निरीक्षण अभियान का आज दूसरे दिन भी निरंतर संचालन किया गया। अभियान का नेतृत्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के सचिव श्री मनोज मीना द्वारा किया गया, जिसमें जिला परिवहन निरीक्षक अभिषेक शर्मा तथा समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना समन्वयक लोकश चौबीसा सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने शहर के विभिन्न विद्यालय मार्गों पर संचालित स्कूल बसों एवं वैनों को रोककर सुरक्षा मानकों, क्षमता, फिटनेस एवं लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की।

# एसआईआर सर्वे में अनावश्यक दबाव रोकने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने एसआईआर सर्वे के नाम पर शिक्षकों एवं कार्मिकों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव को तत्काल प्रभाव से समाप्त कराने की मांग को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिन चौबीसा एवं जिलाध्यक्ष शंकरलाल कटारा के नेतृत्व में सौंपा गया।

जिला मंत्री सुदर्शन सिंह चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि ज्ञापन में मतदाता सूची शुद्धिकरण को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा गया कि इस कार्य को शिक्षकों एवं कार्मिकों के उत्पीडन का कारण बनाना अनुचित है। 18 नवंबर को उपखण्ड अधिकारियों द्वारा पीईईओ को ग्राम पंचायत प्रभारी नियुक्त करते हुए प्रत्येक बूथ पर कैंप आयोजित करने तथा बीएलओ से प्रतिदिन परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरण करवाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कार्यभार अत्यधिक बढ गया है। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा एसआईआर कार्य एक माह में पूर्ण करवाने का अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है। कई जगहों पर कारण बताओं नोटिस, निलंबन सहित दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनियों से कार्मिक मानसिक तनाव झेल रहे हैं। दबाव के चलते राज्यभर में शिक्षकों-कार्मिकों के



एसआईआर सर्वे में अनावश्यक दबाव रोकने की मांग को लेकर कलक्टर को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ।

बेहोश होने,गंभीर मानसिक तनाव में आने तथा आत्महत्या के प्रयास जैसी घटनाएँ भी सामने आई हैं। बीएलओ एवं सहयोगी कार्मिक दिनभर प्रपत्र वितरण करने के बाद रात्रि में भी कार्य करने को विवश हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मनमाने ढंग से शिक्षकों को ही इस कार्य में लगाया जा रहा है, जबकि इसी अवधि में विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ प्रस्तावित हैं। प्रमुख शासन सचिव द्वारा जारी उस अर्द्धशासकीय आदेश की भी अवहेलना की जा रही है, जिसमें एक विद्यालय से एक तिहाई से अधिक शिक्षकों को गैर-शैक्षिक कार्यों में नहीं लगाने के निर्देश दिए गए हैं। संगठन ने मांग की है कि अभी सर्वर भी बहुत धीमा हो गया है जिससे वांछित लक्ष्य पूर्ण करने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। यदि एसआईआर कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं हो पाता है, तो इसकी समय सीमा बढाई जाए। साथ ही शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्मिकों को भी इस प्रक्रिया में जोडा जाए, ताकि परीक्षा कार्य, मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा अन्य प्रशासनिक दायित्वों का संतुलन बना रहे। ज्ञापन में संगठन ने अवगत कराया कि यदि किसी बीएलओ पर अनावश्यक दबाव या प्रताडना होती है तथा किसी प्रकार की अनहोनी घटित होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस स्थिति में शिक्षक संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौपते वक्त बलवंत बामणिया, पोपटलाल कटारा, राजेन्द्र मीणा,रामलाल कटारा, मनोहर सिंह रैलडा, संध्या गर्ग, दिनेश जैन, रेखा शर्मा, नागेंद्र मीणा, रोहित गर्ग, चंदन सिंह राजावत, जीवतराम पारगी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कारागृह का निरीक्षण

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), डूंगरपुर के निर्देशन जिला कारागृह डूंगरपुर का विधिवत निरीक्षण श्री मनोज मीना, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान कारागृह की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया एवं बंदियों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया गया। संवाद के दौरान सभी बंदियों से विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी ली गई। किसी भी बंदी द्वारा विधिक सहायता प्राप्त करने की आवश्यकता व्यक्त नहीं की गई। सभी बंदियों ने बताया कि उन्हें वर्तमान में किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता नहीं है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएँ, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक पाई गई। अधीक्षक जिला कारागृह को निर्देश प्रदान किए कि यह व्यवस्था भविष्य में भी नियमित रूप से बनाए रखी जाए तथा बंदियों को उनके विधिक अधिकारों से निरंतर अवगत कराया जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि आवश्यकता पडने पर प्रत्येक बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। ऐसे निरीक्षण आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सार-समाचार

### क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के तत्वाधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पेसिफिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के डीन प्रो. दिपिन माथुर के नैतृत्व में अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया साथ ही पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एज्युकेशन एण्ड रिसर्च युनिवर्सिटी के प्रेसीडेन्ट प्रो. हेमन्त कोठारी ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया जिसमें विश्वविद्यालय के आठ कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम मैच पेसिफिक इंस्टीट्युट ऑफ मैनेजमेन्ट बनाम पेसिफिक कॉलेज ऑफ फिजिकल एज्युकेशन के मध्य हुआ। जिसमें फिजिकल कॉलेज की टीम विजेता रही एवं दुसरा मैच पीसीबीएस एवं फैकल्टी ऑफ कम्प्युटर साइंस के मध्य हुआ जिसमें फैकल्टी ऑफ कम्प्युटर साइंस विजेता रही। इस प्रतियोगिता के समन्वयक प्रो. पुष्पकान्त शाकद्वीपी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता से पेसिफिक युनिवर्सिटी की टीम का चयन किया जायेगा जो आगामी होने वाली वेस्ट जॉन क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने जायेगी। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रो. धीलेन्द्र हिरन फैकल्टी ऑफ साईस एण्ड टैक्नोलॉजी व पेसिफिक कॉलेज ऑफ फिजिकल एज्युकेशन के डा. हेमन्त पण्ड्या उपस्थित थे। अंत में प्रतियोगिता के उपसमन्वयक चन्द्रेश सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आमलिया बूथ का 100 प्रतिशत सत्यापन

**भीण्डर, (निसं)।** प्रदेशभर में चल रहे मतदाता सूची के एसआईआर कार्य में भीण्डर उपखण्ड क्षेत्र के आमलिया बूथ का 100 प्रतिशत सत्यापन हो गया। इस पर बीएलओ उदयसिंह रावत का भीण्डर उपखण्ड अधिकारी रमेश बहेड़िया ने मेवाड़ी पाग व उपरना ओढ़ा करके स्वागत किया तो वहीं अन्य बीएलओ को जल्द से जल्द सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित करते हुए प्रथम 10 बीएलओ को 100 प्रतिशत सत्यापन करने पर अपने साथ रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान भीण्डर तहसीलदार मोहित आसिया भी उपस्थित रहें। बीएलओ उदयसिंह रावत ने बताया कि वे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमलिया में कार्यरत्त होकर वल्लभनगर विधानसभा के भाग संख्या 213 में बीएलओ लगे हुए है। यहां पर कुल 507 मतदाता थे और सभी का सत्यापन करके उनको डिजीटल रूप से संधारित भी कर दिया है। ये कार्य पूर्ण करने के लिए उन्होंने कानोड़ तहसीलदार वगताराम पुरोहित को प्रेरणा स्त्रोत माना। उन्होंने कहा कि हमारे प्रशिक्षण में कानोड़ तहसीलदार ने कहा था कि इस कार्य को राष्ट्रिहत के रूप में मानकर करना है।

### लापता बच्चे को परिजनों को सौंपा

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुंदा थानाधिकारी श्यामसिंह ने बस स्टेण्ड पर एक अज्ञात बच्चा जो परिजनों की तलाश में रो रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंच कर बाल कल्याण अधिकारी एएसआई विनेश कुमार मय टीम ने बालक को दस्तियाब कर जिससे की गई पूछताछ के आधार पर बालक प्रभूलाल को उसके पिता शंकरलाल को सोंपा। प्रभूलाल दो दिन से बिना बताये घर से निकला था। जिसकी परिजन तलाश में थे। पुलिस परिजनों को बच्चा सोंप कर उसका ध्यान रखने की सलाह दी।

## 'बीएन विवि की अकादमिक काउंसिल की बैठक सम्पन्न



बीएन विवि की अकादमिक काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई।

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स संस्थान के बीएन विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल की बैठक सोमवार को कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी सत्र से नए एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने सहित कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

काउंसिल ने विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह के आयोजन की तिथि 7 जनवरी निर्धारित की। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े होंगे, जो 100 पीएचडी उपाधिधारकों को उपाधि तथा 48 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा कुल 2225 डिग्रियों के वितरण की घोषणा की जाएगी।

बैठक में विश्वविद्यालय में भारतीय संत साहित्य एवं आध्यात्मिक चेतना अध्ययन केंद्र तथा कीर्तिशेष महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ शोध संस्थान की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। विश्वविद्यालय में ठाकुर गुमानसिंह राठौड़ पीठ स्थापित करने की स्वीकृती दी। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि उन्हें अंकतालिका, माइग्रेशन और उपाधि एक साथ प्रदान की जाएगी।

## सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित शिक्षा संकाय के बीए बीएड, बीएससी बीएड के विद्यार्थियों के लिए आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूल प्रतियोगिता 2025 का आगाज गुरूवार को भूपाल नोबल्स संस्थान के खेल मैदान पर कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान के मंत्री प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपखेड़ी, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह ताणा, स्पोट्स सचिव डॉ. भवानी पाल सिंह राठौड, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्राचार्य डा. सुनिता मुर्डिया ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीपदान व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. सुनिता मुर्डिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि सात दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट, बॉलीवाल, छात्र- छात्रा वर्ग के 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी ,गोला फैंक, भाला फेंक, तश्तरी फेंक, कविता पाठ, समूह नृत्य,



फोटो-4 सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूल प्रतियोगिता शुरू हुई।

एकल गान,समूह गान, युगल नृत्य, नाटक रंगोली, पोस्टर, नेल आर्ट, केश सज्जा, विदाउट गैस कुकिंग, मेंहदी, फिल्म मेकिंग, फैंसी ड्रेस, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, थीम बेस्ड क्लास रूम डेकोरेशन एवं फैशन शो आयोजित किए जायेंगे। प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि समग्र विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा आयोजित सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेना जरूरी है जिससे शरीर, स्वस्थ एवं तंदुरस्त रहेगा। संचालन डॉ. अर्पिता मट्ठा ने किया जबकि आभार डॉ. रोहित कुमावत ने जताया।

डॉ. सुनिता मुर्डिया ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन आयोजित 100 मीटर रेस में जया, 200 मीटर में अंजली, लोंग जम्प में कृतिका, भाला फेंक में मानसी, गोला फेक व तश्तरी फेंक में मिताली कुमावत प्रथम रही। खेल मैदान पर डॉ. ललित श्रीमाली, डॉ. प्रिया चैहान, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. दर्शना दवे, डॉ. अर्पिता मट्ठा, ओजस्वी सारंगदेवोत, मोनिका शांडिल्य, नलिनी चुंडावत, संजय भारद्वाज, किरण जैन सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन डाइट प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाटीदार के मुख्य आतिथ्य, उप प्रधानाचार्य जयप्रकाश नागर की अध्यक्षता व अनिल कोठिया के विशिष्ट आतिथ्य में डाइट के टैगोर कक्ष में हुआ। बतौर अतिथि क्षमतालय फाउंडेशन के राजेश मेनारिया व बबली यादव भी मौजूद रहे।

कार्यशाला में एसआरजी भूपेंद्र कुमार जोशी, अनिल कुमार मेनारिया व संध्या जोशी ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में 39 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। स्वागत उद्बोधन देते हुए नागर ने विद्यार्थियों के हित में प्रशिक्षण के उत्कृष्ट गतिविधियों को कक्षा-कक्षों में लागू करने का आव्हान किया।

विशिष्ट अतिथि अनिल कोठिया ने प्रशिक्षण की सफलताओं को चिन्हित करते हुए विभाग की मंशानुरूप कार्य करने का आव्हान किया। संभागियों में ममता मंगल व विशाल शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। अति विशिष्ट अतिथि राजेश मेनारिया ने खुशीशाला-खुद की खोज को विद्यालयों में कार्यान्वित करने और बच्चों के लिए एक सुरक्षित, शांत और आनंदपूर्ण वातावरण बनाने का आ ान किया जहां वे बिना भय के सीख सकें और स्वयं की पहचान विकसित कर सकें। ध्यान रहे कि खुशिशाला खुद की खोज कार्यक्रम तीन वर्ष के अंतरराष्ट्रीय शोध और अध्ययन पर आधारित है जिसे अमेरिकी संस्था ब्रियो और राजस्थान में पिछले एक दशक से सक्रिय क्षमतालय फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा विकसित किया गया है।

## 'आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका'

**राजसमन्द, (निसं)।** हम देश को आत्मनिर्भर बना सकते है इसके लिए प्रत्येक कार्य व वस्तु में स्व होना आवश्यक है इसकी शुरुआत ही स्वयं से शुरू होकर स्वदेश तक पहुंचती है इस लिए कोई भी कार्य स्वयं से शुरू करना चाहिए और आत्मनिर्भर भारत बनाने का रास्ता भी स्वयं से शुरू करते हुए ही भारत देश तक पहुंचेगा तभी जाकर 2047 का विकसित भारत का सपना साकार होगा और इसमें आप सभी युवाओं की भूमिका भी अहंम है । जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि यह बात आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित युवा सम्मेलन में मुख्य वक्ता श्रवण सिंह राव ने सभी के समक्ष कही। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देखा है और इसको पूरा करने का कार्यभार आप सभी युवाओं से होकर जाता है।

## एनसीसी शिविर का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** एनसीसी 1 राज नेवल के जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के डबोक स्थित स्कूल ऑफ एग्रीकलचर परिसर में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प में समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

कैम्प कमान्डेन्ट कमाण्डर शकील अहमद ने कैम्प के दौरान हुई विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों को वीडियो प्रजेन्टेशन द्वारा दर्शाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि यह कैम्प 10 नवंबर को जेआरएनवी डबोक में शुरू हुआ। शिविर का उद्देश्य एनसीसी के उद्देश्यों के समान ही था, अर्थात् युवाओं में चरित्र, साहस, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहसिकता और खेल भावना तथा निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना ताकि आप सभी भारत के उपयोगी और देशभक्त नागरिक बन सकें। कैम्प में राजस्थान के विभिन्न जिलों के 15 महाविद्यालय व 18 विद्यालय से सीनियर-जुनियर डीविजन एवं विंग से कुल 495 केडेट्रस ने भाग लिया। जिसमें 310 छात्र केडेट व 185 छात्रा केडेट हैं।

संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प में कुल 385 केडेट्रस एवं सैलिंग एक्सपिडिशन कैम्प में कुल 110 केडेट्रस हैं। राज्य स्तर के सेंलिग एक्सपिडिशन कैम्प की विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु 2 राज अजमेर के कमान अधिकारी कमाण्डर जीओ मैथ्यु मौजूद रहे।


**साझेदारी सूचना**

मेरे कार्यार्थी मैसर्स आकाश गंगा मिनरल्स, रजि. पता – फलासिया, तहसील- भूपालसागर, जिला- चित्तोड़गढ़ (राज.) अन्य पता – 15-16 शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा रोड, कांकरोली जिला- राजसमन्द (राज.) जिसका गठन 01.12.2012 को साझेदारी फर्म के रूप में हुआ है REG NO. 17/09/19/2012 तथा इस फर्म में निम्न साझेदार है:- 1. श्री रमेश चन्द्र शर्मा 2. श्री मदन गोपाल सिंह । इस साझेदारी फर्म में श्रीमती मोना शर्मा पति श्री रमेश चन्द्र शर्मा पता – 16, श्री सूर्यनारायण, राज आइस फेक्ट्री के पीछे, भीलवाडा रोड, शांति नगर, कांकरोली जिला -राजसमन्द (राज.) जो की 19/11/2025 को नये साझेदार के रूप में आ रही है। तथा इन साझेदारो में से श्री मदन गोपाल सिंह पिता श्री पारस नाथ सिंह पता गाँव- 92, श्री कृष्णा नगर, भीलवाड़ा रोड, कांकरोली, जिला- राजसमन्द (राज.) जो 19/11/2025 को फर्म से सेवानिवृत हो रहे है। यह सुचना समस्त साझेदारो की आपसी सहमती से दी गई है। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है की इस साझेदारी में किसी को कोई आपति हो तो 7 (सात) दिवस के भीतर संपर्क करे ।

दि. 19.11.2025 एडवोकेट पुष्कर कुमावत 100 फीट रोड कांकरोली मो. 9929596155

**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3964 दि. 3.11.2025

**आपत्ति सूचना पत्र-83509**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री विक्रम सिंह पिता श्री पूरण सिंह निवासी केसुली तहसील देलवाडा एवं जिला राजसमन्द द्वारा पेत्रक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड/ मकान जो स्थान राजस्व ग्राम जावद के खसरा नम्बर 1016 जिसका पट्टा संख्या 2302 दिनांक 29.08.2007 को जारी हुआ जिसका कुल क्षेत्रफल 12172.5 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड में से क्रयशुदा/प्राप्तशुदा भूखण्ड 41-B का जिसका कुल क्षेत्रफल 900.00 वर्गफीट का उपविभाजन / एकीकरण/नामान्तरण चाहा गया है, जिस का पडौस निम्नानुसार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 30' | पड़ौस | प्लॉट संख्या 41-A |
| पश्चिम | 30' | पड़ौस | प्लॉट संख्या 42 |
| उत्तर | 30' | पड़ौस | प्लॉट संख्या 40 |
| दक्षिण | 30' | पड़ौस | रास्ता 30 फीट चौड़ा |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/ नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी सहमति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद


## स्वच्छता के क्षेत्र में किए गये गुप्ता के प्रयासों की प्रशंसा की

**उदयपुर/डूंगरपुर, (कासं)।** तेरापंथ धर्मसंघ के ग्याहरवें अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण ने दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में देश का अग्रणी नगर बनाने के लिए डूंगरपुर के नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष के के गुप्ता के अथक प्रयासों की प्रशंसा की है।

आचार्य महाश्रमण ने गुजरात से राजस्थान प्रवेश के बाद मेवाड के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल ऋषभदेव में शुभ आगमन पर डूंगरपुर के नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष के के गुप्ता को अपना आशीर्वाद दिया और उनसे स्वच्छ भारत अभियान के बारे में चर्चा की । डूंगरपुर नगर ने पिछले वर्षो में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करते हुए पूरे राजस्थान में एक मिसाल कायम की है। जनभागीदारी, नवाचार, प्रतिबद्ध प्रशासन और लगातार निगरानी इन चार स्तंभों पर आधारित इस मॉडल ने डूंगरपुर को स्वच्छता की दिशा में नई पहचान दिलाई है।

नगर परिषद द्वारा प्रारम्भ किए गए कई अभिनव प्रयासों ने न केवल शहर को स्वच्छ बनाया बल्कि नागरिकों में जागरूकता बढाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ठोस कचरा प्रबंधन से लेकर घर-घर कचरा संग्रहण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण तक, हर स्तर पर योजनाबद्ध कार्रवाई की गई। स्कूलों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी समूहों को जोडकर जनसहभागिता को केंद्र में रखा गया, जिसने इस अभियान को आंदोलन का रूप दिया। नगर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय इलाकों में नियमित सफाई, समयबद्ध कचरा उठान और नो-लिटर जोन जैसी पहलें बेहद प्रभावी साबित हुई। प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान के तहत जागरूकता रैलियों और वार्ड-वार्ड निरीक्षणों ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाया। घरों में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को बढावा देकर कचरा प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक स्वरूप दिया गया।

इसके साथ ही, सार्वजनिक स्थानों-बस स्टैंड, अस्पताल, सरकारी कार्यालयों और पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। आधुनिक उपकरणों, डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों और मैकेनिकल रोड स्वीपर्स के उपयोग ने सफाई तंत्र को और मजबूत किया। नगर की पुरानी बावडयों का जीर्णोद्धार, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण दूर करने के कार्यों तथा वर्षा जल से वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य तथा सूखे हैंडपम्पो के पूर्णभरण, बर्ड सेंचुरी बनाने , नगर के बगीचों के पुनरुद्धार जैसे अनेक कार्यों से डूंगरपुर नगर की सुंदरता ने पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित किया है।

# सैटेलाईट चिकित्सालय में ऐनेस्थिसिया वर्क स्टेशन का अनावरण

**उदयपुर, (कासं)।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हिरण मगरी सेटैलाईट चिकित्सालय में गुरूवार को आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा सी.एस.आर. के तहत प्रदान की गई ऐनेस्थिसिया वर्क स्टेशन का अनावरण उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने किया। कार्यक्रम में आई.डी.बी.आई. बैंक की महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रभारी अंजली चावत, क्षेत्रीय प्रबंधक दिशा त्रिवेदी, आई.डी.बी.आई. बैंक हिरण मगरी की शाखा प्रबंधक पूर्णिमा सिन्हा व समाजसेवी देवीलाल सालवी, लोकेश गौड व मुकेश शर्मा भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

प्रारंभ में अधीक्षक डॉ राहुल जैन, उपनियंत्रक डॉ नरेन्द्र देवल, डॉ अनुज शर्मा, डॉ संगीता, डॉ सीमा जैन, नर्सिंग अधीक्षक रतन लाल सौलंकी, नर्सिंग अधीक्षक रमेश आमेटा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक मीणा ने एम.एल.ए. फण्ड अथवा डी.एम.एफ.टी. फण्ड से चिकित्सालय को ओर आधुनिक उपकरण व सुविधाएं उपलब्ध करवाने का एवं चिकित्सको, नर्सिंग अधिकारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र ही पदस्थापन करने का आश्वासन दिया। अधीक्षक डॉ जैन ने बताया कि उक्त ऐनेस्थिसिया वर्क स्टेशन मिलने से ऑपरेशन के लिए रोगी को जनरल



उदयपुर के सेटैलाईट चिकित्सालय में ऐनेस्थिसिया वर्क स्टेशन का अनावरण करते हुए उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सहित अन्य।

ऐनेस्थिसिया भी दिया जा सकेगा जिससे अब चिकित्सालय में जटिल ऑपरेशन भी प्रारंभ हो जाएंगे।

चिकित्सालय में 2 जनरल सर्जन, 2 स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं 2 अस्थि रोग विशेषज्ञ कार्यरत हैं जिससे अब इन विषयों के गंभीर रोगियों के ऑपरेशन संभव होंगे। चिकित्सालय में प्रतिदिन 2500 से 3000 रोगी ईलाज हेतु आते हैं व भर्ती करने के लिए 100 शय्याएं उपलब्ध हैं। इसमें हिरण मगरी उपनगरी क्षेत्र व आस-पास के ग्रामीण व जनजाति क्षेत्र के रोगी लगातार ईलाज हेतु इस चिकित्सालय में आते रहते है व मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग, चर्म रोग, नाक-कान-गला, शिशु रोग, रेडियोलोजी, जिरियाट्रीक, आयुर्वेदिक विभाग की सेवायें उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक द्वारा मातृत्व सेवाओं हेतु राष्ट्रीय स्तर का "लक्ष्य" कार्यक्रम के तहत इस चिकित्सालय का सफल प्रमाणिकरण किया गया था। चिकित्सालय में प्रतिमाह 120 से 140 प्रसव व 60 ऑपरेशन होते है। शीघ्र ही चिकित्सालय में लेप्रोस्कोपी सर्जरी प्रारंभ की जाएगी।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./तामिर/2025/14542 दिनांक : 18.11.2025

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती दीपा कुवंर पत्नि श्री खीम सिंह निवासी- चौहानों का गुडा कुम्भलगढ | भूखण्ड संख्या-51 क्षैत्रफल-1000 वर्गफिट, भलावतों का खेडा, मुख्यमंत्री जन आवास योजना, नाथद्वारा | 30 फिट रोड | अन्य भूमि | भूखण्ड संख्या-50 | भूखण्ड संख्या-52 |
| | | भूखण्ड संख्या-52 क्षैत्रफल-1000 वर्गफिट, भलावतों का खेडा, मुख्यमंत्री जन आवास योजना, नाथद्वारा | 30 फिट रोड | अन्य भूमि | भूखण्ड संख्या-51 | भूखण्ड संख्या-53 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा